प्रेषक

निदेशक
विद्यालयी शिक्षा
उत्तरांचल, देहरादून।

सं. 5208 अ.मा.बे.शि./200
दिनांक 25/3/200

सेवा में,

अपर सचिव
बेसिक शिक्षा
उत्तरांचल शासन।

पत्रांक/बेसिक/ 47046 /2004-05 दिनांक 23 मार्च, 2005

विषयः- **जनपद उत्तरकाशी के सुदूर सीमान्त क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में विशिष्ट बी0टी0सी0 प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अपर जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) उत्तरकाशी के पत्रांक/बेसिक/2913-15/वि0बी0टी0सी0/नि0/2004-05 दिनांक 21 मार्च, 2005 तथा संख्या/ बेसिक/1421-22/ 2004-05 दिनांक 23 मार्च, 2005 द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद उत्तरकाशी में 79 विशिष्ट बी0टी0सी0 अभ्यर्थी प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त उतीर्ण हुये हैं, जिन्हें जनपद में उपलब्ध सहायक अध्यापक के रिक्त पदों पर सेवायोजित किया जाना है। अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बेसिक) की आख्यानुसार वर्तमान में जनपद में रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः-

1.	आप्रेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत रिक्त पद	-	66
2.	सामान्य रिक्तियां	-	08
3.	पदोन्नति से होने वाली रिक्तियां	-	18
4.	30 जून, 2005 को सेवानिवृति से होने वाली रिक्तियां	-	03
	योग	-	95
5-	मा0 उच्च न्यायालय, उत्तरांचल,नैनीताल में बी0एड0 अभ्यर्थियों द्वारा की गई रिट याचिका में प्राप्त अनरितम आदेश के अनुसार रोके गये पद	-	26

G.O. file

उक्त क्रमांक 1 पर अंकित आप्रेशन ब्लेक बोर्ड योजना के तहत जूनियर हाईस्कूलों में सृजित पदों पर स0अ0 प्राथमिक की पदोन्नति से हुये परिणामी रिक्त पदों को शासनादेश संख्या 1297(1)/15-5-2000-76/95 दिनांक 28 फरवरी, 2000 (प्रति संलग्न) द्वारा खाली रखे जाने के निर्देश हैं। इस कारण वर्तमान में जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त सभी विशिष्ट बी0टी0सी0

प्रशिक्षुओं को सेवायोजित करने में कठिनाई बताई गई है। यदि शासन द्वारा उक्त आप्रेशन ब्लेक बोर्ड योजना के तहत रिक्त रखे गये 66 पदों पर नियुक्ति की अनुमति प्राप्त हो जाती है तो वर्तमान में बी0टी0सी0 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जा सकती है। आप्रेशन ब्लैक बोर्ड के इन रिक्त पदों पर शासन/विभाग से अनुमति प्रदान किये जाने हेतु मा0 अध्यक्ष राज्य आपदा राहत समिति उत्तरांचल सरकार द्वारा भी अनुरोध किया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न)

अतः शासन से अनुरोध है कि आप्रेशन ब्लक बोर्ड योजना के तहत रिक्त रखे गये 66 पदों को भरे जाने हेतु शासन अनुमति प्रदान करना चाहे, ताकि प्रशिक्षित विशिष्ट बी0टी0सी0 अभ्यर्थियों को सेवायोजित करने की कार्यवाही की जा सके।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीय

23/2/05

(श्रीमती पुष्पा मानस)
प्रभारी निदेशक
विद्यालयी शिक्षा, उत्तरांचल।
देहरादून।